**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–19.12.2024 (संध्या 1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **केन्द्र सरकार का राष्ट्रव्यापी अभियान, प्रशासन गांव की ओर आज से शुरु, झारखंड में भी शिविर लगाकर जनसमस्याओं का किया गया समाधान।**
2. **जीएसटी काउंसिल की कल होने वाली बैठक में भाग लेने के लिए राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर जैसेलमेर रवाना, बजट पूर्व चर्चा में भी लेंगे भाग।**
3. **राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री और कृषि मंत्री ने अपने–अपने विभागों की समीक्षा की, अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर दिये आवश्यक दिशा–निर्देश।**
4. **झारखंड का पारंपरिक वाद्ययंत्र मांदर को मिलेगा जीआई टैग, कल दिल्ली में होने वाली अंतिम सुनवाई में शामिल होने के लिए गुमला से रवाना हुई विशेषज्ञों की टीम।**
5. **रायपुर में खेले जा रहे बीसीसीआई अंडर 23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में झारखंड ने कर्नाटक को 20 रनों से हराया।**

***************

केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने चौथे सुशासन सप्ताह के तहत आज से राष्ट्रव्यापी अभियान प्रशासन गांव की ओर शुरु किया। यह अभियान झारखंड समेत देशभर में 24 दिसंबर तक चलेगा। पहले दिन आज झारखंड के विभिन्न प्रखंडों में विशेष शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी गयीं और समाधान की दिशा में पहल की गयी।

***************

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण की अध्यक्षता में कल आयोजित होने वाली जीएसटी काउंसिल की बैठक में भाग लेने के लिए राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर आज जैसेलमेर के लिए रवाना हो गये। वे बजट पूर्व चर्चा में भी शामिल होंगे। श्री किशोर ने कहा कि इस दौरान वे केन्द्र सरकार के समक्ष झारखंड के बकाये की मांग मजबूती के साथ रखेंगे।

***************

राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने आज रांची में विभाग के कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीण विकास की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक के बाद मंत्री ने बताया कि बैठक में केन्द्र सरकार से बकाया राशि प्राप्त करने को लेकर भी चर्चा हुई।

उधर, राज्य की कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भी आज अपने विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक के बाद कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बीजग्राम योजना के तहत 10 गांव के साथ एमओयू कर रही है। इसके साथ ही एफपीओ की बेहतरी पर भी सरकार का जोर है।

***************

आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने आज रांची में केन्द्रीय समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा की। बैठक के दौरान पार्टी की भावी रणनीतियों पर भी चर्चा की गयी। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री महतो ने कहा कि राज्य हित में आजसू पार्टी हमेशा सजगता के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने राज्य सरकार से मइंया सम्मान योजना की राशि शीघ्र जारी करने की मांग की।

***************

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा बीआर अंबेडकर के संदर्भ में की गयी टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने आज रांची में विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री की टिप्पणी से दलित समाज ही नहीं बल्कि पूरा देश मर्माहत है।

***************

राजद की प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव ने भी भाजपा पर बाबा साहब भीम राव अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में अनिता यादव ने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री के बयान के विरोध में पार्टी राज्य के सभी जिलों और प्रखंडों में प्रदर्शन करेगी।

***************

राज्य के तत्कालीन खनन निदेशक इन्द्रदेव पासवान ने आज रांची स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद अदालत ने उन्हें सशर्त जमानत प्रदान कर दी। श्री पासवान पर वर्ष 2005 में उषा मार्टिन को माइंस आवंटन में भ्रष्टाचार का आरोप है।

***************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज रांची के डोरंडा स्थित संत जेवियर्स स्कूल में क्रिसमस सेलिब्रेशन में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्रिसमस का पर्व केवल प्रभु ईसा मसीह का जीवन प्रेम, करुणा और सेवा का संदेश ही नहीं देता बल्कि दूसरों की सेवा और आत्मीयता का भी संदेश देता है।

***************

गिरिडीह जिले में एसएसबी की 35वीं बटालियन ने अपने स्थापना दिवस के पूर्व आज मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए न्यू पुलिस लाइन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर गिरिडीह के मुखिया शिवनाथ साव और सीसीएल के चिकित्सक डा. परिमल सिन्हा ने मोटे अनाज के फायदे गिनाये। एएसबी के अधिकारियों ने भी मोटे अनाज को खानपान में शामिल करने पर जोर दिया।

***************

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो और पत्र सूचना कार्यालय रांची की ओर से आज तिमाही हिन्दी संगोष्ठी सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेकान राजभाषा विभाग के उपप्रबंधक विक्रम सिंह और प्रभात खबर की वरीय संवाददाता लता रानी बतौर वक्ता शामिल हुए। मौके पर दोनों वक्ताओं ने कार्यालीय कार्यों में सौ प्रतिशत हिन्दी के प्रयोग पर जोर दिया।

***************

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को केंद्र सरकार ने विस्तार देते हुए इसमें आयुष्मान वय वंदना योजना को भी जोड़ दिया है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता।

***************

झारखंड का पारंपरिक वाद्ययंत्र 'मांदर' जियोग्राफिकल इंडिकेशन—जीआई टैग पाने की कतार में खड़ा है। इसे लेकर कल अंतिम सुनवाई होगी। सुनवाई में शामिल होने के लिए आज गुमला से कारीगरों और विशेषज्ञों की छह सदस्यीय टीम दिल्ली के लिए रवाना हुई। टीम में शामिल उद्योग विभाग के जिला समन्वयक सूरज कुमार ने कहा कि जीआई टैग मिल जाने से मांदर पर झारखंड का एकाधिकार हो जायेगा।

***************

राज्य में कल से एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के दक्षिणी भाग में आंशिक बादल छाये रहेंगे और कहीं—कहीं पर हल्की बारिश होने की संभावना है। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

***************

रायपुर में खेले जा रहे बीसीसीआई अंडर 23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में आज झारखंड ने कर्नाटक को 20 रनों से हरा दिया। झारखंड ने पहले खेलते हुए निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 230 रन बनाए। जवाब में कर्नाटक की टीम 210 रन बना सकी।

***************